# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक: 286/भण्डार/2024 भोपाल, दिनांक: 16/08/2024

## गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री की प्रथम ई–निविदा वर्ष 2024

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के सभी छात्रावासों के उपयोग के लिए "**गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री की प्रथम ई–निविदा वर्ष 2024**" हेतु ऑन–लाईन प्रथम ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी हेतु म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग–ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500–00 तथा सुरक्षा निधि राशि राशि रूपये 7,500–00 (रू. सात हजार पॉच सौ मात्र) हैं। निविदाएं ऑन–लाईन ही क्रय की जा सकेगी एवं ऑन लाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा का अनुमानित मूल्य लगभग रूपये 2,50,000–00 (रू. दो लाख पचास हजार मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 16/08/2024 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Dowload / Sale Start Date | 16/08/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 16/08/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 09/09/2024 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 09/09/2024 | |
| 06 | Bid Opening Date | 10/09/2024 | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## "गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री की प्रथम ई–निविदा वर्ष 2024"

### भाग–1

### निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र म.प्र.शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के सभी छात्रावासों के उपयोग मे आने वाली "गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री हेतु आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री हेतु निविदा को वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू0 2,50,000–00 (रू. दो लाख पचास हजार मात्र) है।

1.4 निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 16/08/2024 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download / Sale Start Date | 16/08/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 16/08/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 09/09/2024 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 09/09/2024 | |
| 06 | Bid Opening Date | 10/09/2024 | |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवसों पर खोली जावेगी।

1.6 **प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500=00 (रूपये पॉच सौ मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 7,500–00 (रू. सात हजार पॉच सौ मात्र) हैं। इन्हे ऑन–लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.7 **प्रक्रिया–2** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पाई जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.8 **प्रक्रिया–3** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पाई जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा में भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं। वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना हैं।

सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग–2
## तकनीकी निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 फर्म द्वारा पिछले पॉच में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षों (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री प्रदाय का कार्य किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.2 पिछले तीन प्रत्येक वित्तीय वर्षों में से किसी एक वित्त वर्ष (2021–22, 2022–23, 2023–24) में न्यूनतम 08 लाख का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। **फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं।**

2.3 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 500==00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार)

2.4 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–
(क) जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें।
(ग) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष 2021–22, 2022–23, 2023–24) का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) जमा प्रमाण पत्र की छाया प्रति अपलोड करें।

2.6 निविदाकर्ता को गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री की निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

2.7 निविदाकर्ता को गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री का गारंटी/वारंटी प्रमाण पत्र भी देना आवश्यक हैं।

2.8 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000==00 वापसी योग्य नहीं हैं।

2.9 यदि निविदा की शर्तो एवं दिनांक में यदि कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना वेबसाईट के माध्यम से ही ऑन–लाईन की जावेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना जारी नहीं की जावेगी।

2.10 **निविदा के साथ ऑन–लाईन जमा किए जाने वाले समस्त प्रपत्रों की चैक लिस्ट की सूची निविदा की शर्तो के कमांक अनुसार पेज नम्बर सहित अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अनावश्यक प्रपत्र संलग्न करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है। अतः केवल चाहे गए प्रपत्र ही संलग्न करें।**

सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।

| सं0 क्रं0 | विवरण |
|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500–00 (रूपये पॉच सौ मात्र) जमा की रसीद। |
| 2 | सुरक्षा निधि राशि रूपये 7,500–00 (रू. सात हजार पॉच सौ मात्र) जमा की रसीद। |
| 3 | संस्था द्वारा पिछले पॉच में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षों (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री प्रदाय का कार्य किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। |
| 4 | पिछले तीन प्रत्येक वित्तीय वर्षों में से किसी एक वित्तीय वर्ष (2021–22, 2022–23, 2023–24) में न्यूनतम 8–00 लाख का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। **फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं।** |
| 5 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार) |
| 6 | जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 7 | आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 8 | वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 9 | पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष (2021–22, 2022–23, 2023–24) का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) जमा प्रमाण पत्र की छाया प्रति अपलोड करें। |
| 10 | निविदाकर्ता को गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री की निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। |
| 11 | निविदाकर्ता को गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री का गारंटी/वारंटी प्रमाण पत्र भी देना आवश्यक हैं। |
| 12 | प्रपत्र ए–1 |

सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# भाग–3
# निविदा की अन्य शर्ते

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध के पूर्व निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। यदि फर्म द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति अथवा जानकारी असत्य पाई जाती है तो निविदा को निरस्त करने एवं सुरक्षा निधि/बैंक गारंटी/डी.डी जब्त करते हुए ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

3.2 निविदा में सफल फर्म को निविदा के कुल मूल्य की 03 प्रतिशत बैंक गारंटी भोपाल जिला मुख्यालय में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा से तैयार कर विश्वविद्यालय में अनुबंध के साथ जमा करना होगा। डी.डी/बैंक गारंटी का बैंक से सत्यापन प्राप्त होने के बाद फर्म की सुरक्षा निधि वापस कर दी जावेगी।

3.3 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.4 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से आगामी 1–1 वर्ष करके तीन वर्ष तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.5 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.6 गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री का प्रदाय सन्तोषजनक न होने या सफल निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता का कार्य आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.7 त्रुटिपूर्ण सामग्री प्रदाय या विलम्ब से सामग्री प्रदाय करने पर निम्नानुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा:'

(क) त्रुटि :– प्रति त्रुटि पर प्रति यूनिट की दर का 50 प्रतिशत होगा।

(ख) विलम्बः– देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा।

(दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.8 गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार प्रदाय करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर सफल निविदाकर्ता को उनके व्यय पर वापस की जावेगी। कोई भी सामग्री डुप्लीकेट या मूल निर्माता कम्पनी की न होने पर निविदाकर्ता पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

3.9 सामग्री प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.10 गैस रिपेरिंग संबंधी प्रदाय के लिए जी.एस.टी. का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा निविदाकर्ता को किया जावेगा तथा फर्म के देयक से टी.डी.एस. की कटौती की जावेगी।

3.11 वित्तीय निविदा में दरें कर रहित (Without tax) प्रस्तुत की जाना है। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देंवें।

3.12 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि राशि लौटा दी जावेगी।

3.13 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।



सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.14 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.15 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.16 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.17 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

3.18 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।



सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**प्रपत्र ए–1**
**(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

विषयः– **"गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री की ई–निविदा वर्ष 2024" बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| सं0 क्रं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर<br>(मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" "4", "5" में दर्शित शर्तों के अनुसार गैस रिपेरिंग संबंधी साम्रगी क्रय की प्रथम ई–निविदा वर्ष 2024" का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**शपथ पत्र**
**रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर**
**नोटरी से सत्यापित**

मैं————————————————द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स———————————————— निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि फर्म निविदा में दी गई सभी शर्तो को पूर्ण करती है।

(3) यह कि फर्म का "गैस रिपेरिंग सामग्री सम्बन्धी कोई कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(4) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(5) फर्म की विरूद्ध किसी भी थाने मे कोई भी अपराधीक प्रकरण पंजीकृत नही है।

(6) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (6) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**भाग–4**
**गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री**
**का विवरण**

4.1 गैस रिपेरिंग संबंधी सामग्री का विवरण निम्नानुसार हैः–

| | **Particular** |
|---|---|
| 01 | Cylinder Adoptor |
| 02 | Cylinder Flexible |
| 03 | N.R.V. |
| 04 | Flat Washer |
| 05 | Manifold Valve |
| 06 | D.B.C. |
| 07 | High Pressure Regulator |
| 08 | Burner Lexible |
| 09 | High pressure Burner |
| 10 | Domestic 3 Burner LPG Gas Stove Low Pressure ISI |
| 11 | L.P.R. (Low Pressure Regulator) |
| 12 | N.C.V. |
| 13 | C.B.P. |
| 14 | Chapatti Burner / R.V. Burner 600mm |
| 15 | Chapatti Burner / R.V. Burner 900mm |
| 16 | Puffer Plate 11" x 13" |
| 17 | Emergency Valve |
| 18 | Lower Burner Assembly |
| 19 | High Pressure Canteen Burner |
| 20 | M.S. Pipeline 15mm "C" Class |
| 21 | M.S. Fitting (Tee/Elbow/Socket Etc) |
| 22 | Air Glass |
| 23 | Brass Coupling |
| 24 | High Pressure Burner Serving Per Mess |
| 25 | Visit Charges Per Mess |
| 26 | LPG Hose Sursksha |
| 27 | S.S. Clamp |



सहायक कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
# वित्तीय निविदा

| | |
|---|---|
| निविदाकर्ता निर्माता का नाम | |

## LIST OF GAS REPAIRING MATERIAL

| | Particular | RATE |
|---|---|---|
| 01 | Cylinder Adoptor | |
| 02 | Cylinder Flexible | |
| 03 | N.R.V. | |
| 04 | Flat Washer | |
| 05 | Manifold Valve | |
| 06 | D.B.C. | |
| 07 | High Pressure Regulator | |
| 08 | Burner Lexible | |
| 09 | High pressure Burner | |
| 10 | Domestic 3 Burner LPG Gas Stove Low Pressure ISI | |
| 11 | L.P.R. (Low Pressure Regulator) | |
| 12 | N.C.V. | |
| 13 | C.B.P. | |
| 14 | Chapatti Burner / R.V. Burner 600mm | |
| 15 | Chapatti Burner / R.V. Burner 900mm | |
| 16 | Puffer Plate 11" x 13" | |
| 17 | Emergency Valve | |
| 18 | Lower Burner Assembly | |
| 19 | High Pressure Canteen Burner | |
| 20 | M.S. Pipeline 15mm "C" Class | |
| 21 | M.S. Fitting (Tee/Elbow/Socket Etc) | |
| 22 | Air Glass | |
| 23 | Brass Coupling | |
| 24 | High Pressure Burner Serving Per Mess | |
| 25 | Visit Charges Per Mess | |
| 26 | LPG Hose Surksha | |
| 27 | S.S. Clamp | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कर का नाम एवं दरः | |
| 2 | कर का नाम एवं दरः | |
| 3 | कर का नाम एवं दरः | |